सम्राट पृथ्वीराज

चर्चा में क्यों?

2 जून, 2022 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बॉलीवुड बायोपिक 'सम्राट पृथ्वीराज' की स्क्रीनिंग में भाग लेने के बाद राज्य में इस फिल्म को कर से छूट देने की घोषणा की।

प्रमुख बिंदु

- इस फिल्म का निर्देशन डॉ. चंद्रप्रकाश द्विवेदी ने किया है तथा पृथ्वीराज की भूमिका अभिनेता अक्षय कुमार द्वारा निभाई गई है।
- पृथ्वीराज तृतीय, जो चौहान वंश के राजा थे, को ही पृथ्वीराज चौहान कहा जाता है।
- इन्होंने 12वीं सदी के उत्तरार्द्ध में सन् 1178 से 1192 ई. के मध्य उत्तर-भारत में अजमेर और दिल्ली पर शासन किया था तथा इनकी राजधानी अजमेर में स्थित थी।
- वर्ष 2021 में बागपत जनपद के खेकड़ा के निकटवर्ती दिल्ली-सहारनपुर हाईवे से सटे गाँव काठा के प्राचीन टीले में पुरातात्त्विक स्थल निरीक्षण में पृथ्वीराज चौहान सहित राजा अनंगपाल देव, राजा मदनपाल, राजा चाहड़ा राजदेव के समय के 16 दुर्लभ सिक्के प्राप्त हुए थे।
- तराइन के प्रथम युद्ध में पृथ्वीराज ने मुहम्मद गोरी को पराजित किया था, किंतु तराइन के द्वितीय युद्ध में मुहम्मद गोरी ने पृथ्वीराज को पराजित कर दिया।
- दिल्ली स्थित किला राय पिथौरा के निर्माण का श्रेय पृथ्वीराज को ही दिया जाता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/emperor-prithviraj